# गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद।

पत्रांक : 579/4/पी0ए0–टी0/2021–22 दिनांक 18-11-2021

## एकल निविदा आमंत्रण सूचना

उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से सपठित उल्लेखित नियम व शर्तो के अन्तर्गत निम्न कार्यों की अति–अल्पकालीन मुहरबन्द निविदाएं कार्य के सम्मुख अंकित दिनांक को आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र प्राधिकरण परिसर में स्थित विजया बैंक (बैंक आफ बड़ौदा) एवं प्राधिकरण वैबसाइट से बैंक कार्यालय अवधि में कार्य के सम्मुख अंकित अवधि में किसी भी कार्य दिवस में क्रय किये जा सकेंगे। निविदाएं प्राधिकरण कार्यालय स्थित मुख्य अभियन्ता कार्यालय कक्ष में रखे निविदा बाक्स में निम्नानुसार निविदा आमंत्रण के दिनांक को अपरान्हः 2:00 बजे तक डाली जा सकती है। प्राप्त सभी निविदाएं सूचना पत्र में निर्धारित तिथि को अपरान्ह 04:00 बजे उपस्थित ठेकेदारों/फर्मो के समक्ष (यदि उपस्थित हो) खोली जायेंगी।

| क0 सं0 | कार्य का नाम | आरक्षित राशि (रू0 लाख में) | निविदा मूल्य (रू0 में) | धरोहर राशि (रू0 में) | कार्य की अवधि | जोन का नाम | निविदा विक्रय की अवधि | निविदा आमंत्रण/खोले जाने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | इन्दिरापुरम न्यायखण्ड–3 में भवन संख्या–एन0के0–3/21 ई0डब्लू0एस0 की मरम्मत का कार्य। | 0.95 | 708.00 | 1900.00 | 45 दिन | 06 | 23.11.2021 से 02.12.2021 तक | 03.12.2021 |
| 2. | राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र के बन्धा रोड से कब्रिस्तान के पास हो रहे जलभराव का पाईप लाईन डाल कर दूर कराने का कार्य। | 1.22 | 708.00 | 2500.00 | 45 दिन | 01 | 23.11.2021 से 02.12.2021 तक | 03.12.2021 |
| 3. | उपाध्यक्ष महोदय के कैम्प कार्यालय के लिए 01 नग एच0पी0 स्पेक्ट्रा 360 16 जी0बी0 लैपटॉप की आपूर्ति का कार्य। | 1.57 | 708.00 | 3200.00 | 07 दिन | कम्प्यूटर अनुभाग | 23.11.2021 से 02.12.2021 तक | 03.12.2021 |
| 4. | राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में बन्धा रोड पर एक नग बस स्टाप का निर्माण कार्य। | 1.65 | 708.00 | 3300.00 | 60 दिन | 01 | 23.11.2021 से 02.12.2021 तक | 03.12.2021 |
| 5. | राजनगर एक्सटेंशन क्षेत्र में राज रेजिडेन्सी के सामने यू–टर्न का निर्माण कार्य। | 1.88 | 708.00 | 3800.00 | 60 दिन | 01 | 23.11.2021 से 02.12.2021 तक | 03.12.2021 |
| 6. | इन्दिरापुरम योजना के नीतिखण्ड–2 में पानी की टंकी वाले पार्क में स्थित अनुरक्षण कार्यालय की मरम्मत का कार्य। | 3.92 | 1121.00 | 7900.00 | 60 दिन | 06 | 23.11.2021 से 02.12.2021 तक | 03.12.2021 |
| 7. | राजेन्द्र नगर योजना के सैक्टर–02 में स्थित 560 ई0डब्लू0एस0 भवनामे के परिसर में जलापूर्ति की वैकल्पिक व्यवस्था हेतु 15 एच0पी0 का सबमरसिबल पम्प लगाये जाने का कार्य। | 4.38 | 1121.00 | 8800.00 | 60 दिन | 07 | 23.11.2021 से 02.12.2021 तक | 03.12.2021 |
| 8. | साहिबाबाद रेलवे स्टेशन के पास साहिबाबाद रेलवे अण्डरपास की सड़क की मरम्मत तथा अण्डरपास के ऊपर निर्मित नाली की सफाई का कार्य। | 7.55 | 1534.00 | 15100.00 | 60 दिन | 07 | 23.11.2021 से 02.12.2021 तक | 03.12.2021 |
| 9. | इन्दिरापुरम योजना के शिप्रा सनसिटी में दिनकर मार्ग पर बी0एम0 व एस0डी0बी0सी0 का कार्य। | 7.56 | 1534.00 | 15200.00 | 60 दिन | 06 | 23.11.2021 से 02.12.2021 तक | 03.12.2021 |
| 10. | राजनगर एक्सटेंशन की समस्त सड़कों पर बिटुमिनस स्पीड ब्रेकर बनाने का कार्य। | 7.68 | 1534.00 | 15400.00 | 60 दिन | 01 | 23.11.2021 से 02.12.2021 तक | 03.12.2021 |
| 11. | मोदीनगर शहर में रामलाल के ठेके से सीकरी माता मन्दिर होते हुए जाहरवीर तक सड़क का निर्माण। | 8.29 | 1534.00 | 16600.00 | 60 दिन | 02 | 23.11.2021 से 02.12.2021 तक | 03.12.2021 |
| 12. | मोहन नगर चौराहे पर निर्मित फुट ओवर ब्रिज के लिए लगाये गये एस्कलेटर के संचालन हेतु बी0सी0बी0 पैनल, एल0टी0 पैनल लगाये जाने का कार्य। | 8.65 | 1534.00 | 17300.00 | 60 दिन | 07 | 23.11.2021 से 02.12.2021 तक | 03.12.2021 |
| 13. | मधुबन–बापूधाम योजना के पॉकेट–बी की सड़क, नाली सफाई तथा कूड़ा निस्तारण का कार्य। | 9.36 | 1534.00 | 18800.00 | 365 दिन | 03 | 23.11.2021 से 02.12.2021 तक | 03.12.2021 |

**नियम व शर्तें :–**

1– निविदा प्रपत्र प्राधिकरण की वैबसाइट **www.gdaghaziabad.in** पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। इस प्रकार डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र का उपयोग कर निविदा डालने पर निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ निविदा मूल्य का बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर (नॉन–रिफण्डेबल) जो कि उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पक्ष में गाजियाबाद स्थित बैंक शाखा में भुगतान योग्य हो तथा धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 संलग्न किया जाना अनिवार्य है। निविदा मूल्य का बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर तथा धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न न होने की स्थिति में निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी।

2– निविदा विक्रय के अंतिम दिवस तथा निविदा आमंत्रण के दिनांक को अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस को विक्रय/खोली जायेगी।

3– डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र को स्पायरल बाइण्ड/हार्ड बाउइड करने के पश्चात् ही निविदा हेतु प्रयोग किया जायेगा।

4– वैबसाइट से डाउनलोड कर प्राप्त किये गये निविदा प्रपत्र और बैंक में बिक्री के लिए उपलब्ध निविदा प्रपत्र में यदि कोई भिन्नता हो, तो बैंक में उपलब्ध निविदा प्रपत्र ही मान्य होंगे।

5– निविदा स्वीकृति उपरान्त अनुबंध की औपचारिकतायें दस दिन के अन्दर पूर्ण करनी होगी।

6– धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 प्रस्तुत करने के उपरान्त ही बैंक से निविदा निर्गत की जायेगी। एफ0डी0आर0 उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पक्ष में बन्धक होगी।

7– अनुबन्ध के दौरान ठेकेदार के किसी श्रमिक की कोई दुर्घटना आदि हो जाती है तो इसकी पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। प्राधिकरण का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा।

8– ठेकेदार को अनुरक्षण प्रकृति के कार्यों हेतु श्रमिक उपस्थित पंजिका का प्रतिमाह रख–रखाव करना होगा।

9– लेबर एक्ट का पूर्ण रूप से पालन करना ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी।

10– ठेकेदार अपने श्रमिकों को पहचान पत्र देगा जो ठेकदार द्वारा सत्यापित होगा।

11– निविदा की दरें जी0एस0टी0 रहित होंगी, जी0एस0टी0 का भुगतान नियमानुसार अलग से किया जायेगा।

12– ठेकेदार को गाजियाबाद विकास प्राधिकरण में अथवा उत्तर प्रदेश सरकार या केन्द्र सरकार के किसी सरकारी/अर्द्धसरकारी विभाग में वैध पंजीकरण की प्रति निविदा के साथ संलग्न किया जाना आवश्यक है।

13– किसी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पास सुरक्षित रहेगा।

प्रभारी मुख्य अभियन्ता